# सेंट मारग्रेट सी.सै. स्कूल

डी. ब्लॉक, प्रशांत विहार, दिल्ली-110085

प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र (20023-24)

समय : **2 ½**घंटे          विषय - हिन्दी          अंक**: 60**

कक्षा - आठवीं

**सामान्य निर्देश :-**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।

* इस पश्न पत्रमें  दो खंड हैं, अ और ब।
* दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

## खंड-अ (बहुविकल्पीय प्रश्न)

प्र-1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तरविकल्प में से चुनिए। (1x15)

(1) इनमें से जातिवाचक संज्ञा शब्द चुनिए?
(क) बच्चे (ख) रामायण (ग)कृष्ण (घ) हिंदी

(2) 'अति ' उपसर्ग युक्त सही शब्द चुनिए-
(क)अतिरिक्त (ख)अतिक (ग)अतिथि (घ)प्रति

(3) 'स्वर्ण' शब्द का तद्भव शब्द चुनिए
(क)स्वर्ग (ख)सुंदर (ग) सोना (घ)सुनना

(4) दो वाक्यों को जोड़ने वाले शब्दों को ----- कहते हैं।
(क) क्रिया विशेषण (ख) समुच्चय बोधक (ग) सम्बन्ध बोधक (घ) विस्मयादि बोधक

(5) (?) विस्मयादि बोधक हेतु उचित विकल्प चुनिए:
(क)प्रश्न सूचक (ख)अल्प विराम (ग)पूर्ण विराम (घ)योजक

(6) अर्थ के आधार पर वाक्य भेद चुनिए - तुम मत आना
(क)विधान वाचक (ख)निषेध वाचक (ग)संदेह वाचक (घ)प्रश्न वाचक

(7) दिए गए विराम चिह्न का नाम क्या चुनिए : ( )
(क)अर्ध विराम (ख)विवरण चिह्न (ग) कोष्ठक (घ)पूर्ण विराम

(8) 'मित्र ' शब्द संज्ञा के किस भेद के अंतर्गत आता है :
(क)जाति वाचक (ख)भाव वाचक (ग)व्यक्ति वाचक (घ)द्रव्य वाचक

(9) 'दुग्ध' शब्द का तद्भव रूप है-
(क)दूध (ख)पानी (ग)घी (घ)रात

(10) 'तात ' शब्द का अनेकार्थी शब्द कौन सा नहीं है ?
(क)पिता (ख) भाई (ग)पूज्य (घ)तुम्हारा

(11) 'अंधों में काना राजा' लोकोक्ति का अर्थ है ------

(क)गुणहीन लोगों में थोड़े से गुणों वाला (ख) गुणी व्यक्ति (ग) मूर्ख व्यक्ति (घ) अच्छा व्यक्ति

(12) घर <u>पर</u> कौन है ? रेखांकित शब्द का कारक भेद बताएँ :

(क) अधिकरण (ख)कर्ता (ग)अपादान (घ)करण

(13) रेखांकित शब्द का विशेषण भेद बताएँ: धोनी ने <u>शतक</u> लगाया |

(क) संख्या वाचक (ख) परिमाण वाचक (ग) गुणवाचक (घ) सार्वनामिक विशेषण

(14) 'ऐसा ही दिखता है कि आख़िरी घडी आ पहुँची है' किसने किससे कहा?

(क)साँप ने बाज से (ख)बाज ने साँप से (ग)साँप ने स्वंय से (घ)बाजने स्वंय से

(15) 'फब्ती' शब्द का सही अर्थ क्या है?

(क) फबना (ख)अच्छा लगना (ग)शरारती (घ)कोई चुभती हुई बात कहना

**(अपठित गदयांश)**

प्र-2 निम्नलिखितगदयांशको ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5)

1971 के भारत-पाक युद्ध में समुद्र में जीत हासिल करने में भारतीय नौसेना द्वारा निभाई गई निणार्यक भूमिका की याद में प्रतिवर्ष 04 दिसंबर को नौसेना दिवस मनाया जाता है | यह एक ऐसा अवसर है जब हम अपने शहीदों को श्रध्दांजलि अर्पित करते हैं तथा अपने सेवानिवृत्त सैनिकों और युद्ध-विधवाओं के बलिदान को याद करते हैं | इस दिन भारतीय नौसेना राष्ट्र की निरंतर सेवा के प्रति अपनी वचनबद्धता और निष्ठा को दोहराती है | भारत की समुद्री शक्ति के प्रमुख उपादान और अभिव्यक्ति के रूप में समुद्री अधिकार-क्षेत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा की निगरानी और उसमें बढोत्तरी के लिए भारतीय नौसेना एक अहम भूमिका का निर्वाह करती है | अधिकांशत: जनता की नजरों से दूर 'खामोशी के साथ काम करने वाली इस सेना' के आकार और क्षमता में स्वतंत्रता-प्राप्ति के बाद वृद्धि हुई है, जो सतत रूप से बढ़ते इसके कार्यक्षेत्र तथा राष्ट्रीय सुरक्षा में इसके बढ़ते महत्व के अनुरूप है | नौसेना की सक्रियात्मक गतिविधियों में तदनुसार संगत विस्तार हुआ है तथा इसमें हिंद महासागरीय क्षेत्र तथा उससे परे के क्षेत्रों का भी समावेश हो गया है | यह जानकर सुखद अनुभूति होती है कि नौसेना हमारी विस्तृत समुद्री सीमाओं की निरंतर चौकसी कर रही है और उनमे पेश आने वाले खतरों और चुनौतियों का हमेशा तेजी से और पूरी दक्षता के साथ मुकाबला किया है | समुद्री डकैती की रोकथाम, प्राक्रतिक आपदाओं और मानवीय त्रासदी के दौरान तत्काल सहायता उपलब्ध कराने में भारतीय नौसेना की अनवरत प्रतिवद्धता वास्तव में सराहनीय है | मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे

समर्पित और निष्ठावान नौसेना कार्मिक राष्ट्र द्वारा उन्हें सौंपे गए दायित्वों को पूरा करने के लिए सतत प्रयास करते रहेंगे |

क- नौसेना दिवस कब मनाया जाता है ?

1. 04 जनवरी 2. 04 मार्च 3. 04 दिसंबर 4. 04 जून

ख- 'सामना करना' के लिए अनुच्छेद में आया है:

1. चौकसी करना 2. निर्वाह करना 3. मुकाबला करना 4. भूमिका निभाना

ग- 'सतत' शब्द से तात्पर्य है:

1. निरंतर 2. सताए हुए 3. सब 4. सदा

घ- यह जानकर बहुत आनंद प्राप्त होता है कि हमारी नौसेना:

1. विशाल समुद्री सीमा की चौकसी कर रही है| 2. विशाल युद्धों में भाग लेती है |

3. जनता की नजरों से दूर रह कर काम करती है | 4. विशाल हिंद महासागर में स्थित है |

ड 'अहम भूमिका' से तात्पर्य है:

1. अहंकार से भरी भूमिका 2. अभिमान से पूर्ण भूमिका

3. महत्वपूर्ण भूमिका 4. अपनी भूमिका

**प्र-3** निम्नलिखित पठित गदयांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

जमीन पर गिरते ही उसने एक दर्द भरी चीख मारी और पंखों को फड़फड़ाता हुआ धरती पर लोटने लगा। डर से साँप अपने कोने में सिकुड गया। किंतु दूसरे ही क्षण उसने भाँप लिया कि बाज जीवन की अंतिम साँसें गिन रहा है और उससे डरना बेकार है। यह सोचकर उसकी हिम्मत बँधी और वह रेंगता हुआ उस घायल पक्षी के पास जा पहुँचा। उसकी तरफ कुछ देर तक देखता रहा, फिर मन ही मन खुश होता हुआ बोला- "क्यों भाई, इतनी जल्दी मरने की तैयारी कर ली?"बाज ने एक लंबी आह भरी "ऐसा ही दिखता है कि आखिरी घड़ी आ पहुँची है लेकिन मुझे कोई शिकायत नहीं है। मेरी जिंदगी भी खूब रही भाई, जी भरकर उसे भोगा है। जब तक शरीर में ताकत रही, कोई सुख ऐसा नहीं बचा जिसे न भोगा हो। दूर-दूर तक उड़ानें भरी हैं, आकाश की असीम ऊँचाइयों को अपने पंखों से नाप आया हूँ।

(1) साँप अपने कोने में क्यों सिकुड गया ? 1
(2) किसने किससे कहा - - "क्यों भाई, इतनी जल्दी मरने की तैयारी कर ली?" 1
(3) बाज ने साँप को अपने विषय में क्या बताया ? 2
(4) आकाश की असीम ऊँचाइयों को अपने पंखों से किसने नापा था ? 1

**प्र-4**निम्नलिखितप्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए :- (3+3=6)

(1) लाला झाऊलाल को लोटा बिल्कुल भी पसंद नहीं था फिर भी उन्होंने उसे ले लिया आपके विचार से उन्होंने ऐसा क्यों किया ?

(2) कविता भगवन के डाकिए के कवि का नाम लिखते हुए बताइए कि कविता हमे क्या संदेश देती है ?

(3) पानी की कहानी के आधार पर पानी के जन्म व जीवन यात्रा का वर्णन कीजिए|

**प्र-5**निम्नलिखितप्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दीजिए :- (4)

सुदामा की दीनदशा देखकर श्री कृष्ण की क्या मनोदशा हुई?अपने विचार लिखिए |

अथवा

उन जंजीरों को तोड़ने का जिनमें वे जकड़े हुए हैं कोई न कोई तरीका लोग निकल ही लेते हैं - "लेखक ने किन समस्याओं की ओर इशारा किया है?

प्र- 6निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

तेरैं लाल मेरौ माखन खायौ।
दुपहर दिवस जानि घर सूनो ढूँढ़ि-ढँढ़ोरि आपही आयौ।
खोलि किवारि, पैठि मंदिर मैं, दूध-दही सब सखनि खवायौ।
उफखल चढ़ि, सींवेफ कौ लीन्हौ, अनभावत भुइँ मैं ढरकायौ।
दिन प्रति हानि होति गोरस की, यह ढोटा कौनैं ढँग लायौ।
सूर स्याम कौं हटकि न राखै तैं ही पूत अनोखौ जायौ।

(1) अर्थ स्पष्ट कीजिए - खोलि किवारि, पैठि मंदिर मैं, दूध-दही सब सखनि खवायौ | 2

(2)'गोरस' शब्द का अर्थ लिखिए | 1

(3) काव्यांशमें कौन किससे व किसकी शिकायत कर रहा है? 1

(4)प्रस्तुत पद के रचयिता कौन हैं? 1

## खंड-ब

प्र-7निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग (80-100)शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (5)

(1) विज्ञापन और हमारा जीवन

(2) रंगों का त्योहार- होली

प्र-8 नगर निगम अधिकारी को अपने क्षेत्र की सड़कों की स्वच्छ्ता व रख-रखाव हेतु पत्र लिखिए|(5)

अथवा

अपने मित्र को कहानी लेखन में प्रथम पुरस्कार पाने पर बधाई पत्र लिखिए।

प्र-9आपके शहर दिल्ली की खराब कानून व्यवस्था पर मातापिता से हुई बातचीत को संवाद

के रूप में लिखिए। (5)

प्र-10दिए गए चित्र को देखकर उसका वर्णन(80-120) शब्दों में कीजिए।। (5)

